(P.Nur. to KG)

19.09.2017 नामः--------------------

प्रिय अभिभावक कक्षा एवं अनुभाग----------

वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों की और अधिक सुरक्षा हेतु सरकारी आदेशानुसार विद्यालय द्वारा अत्यावश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आप से नम्र निवेदन है कि आप हमें उनकी सुरक्षा को और अधिक सशक्त करने हेतु अपना पूरा सहयोग दें:

1. यदि आप अभिभावक भी हैं तो भी कृपया बिना वैध अधिकार कार्ड (Valid Authority Card) अपने बच्चों को अपने साथ ले जाने के लिए विद्यालय को **बाध्य न करें।**
2. यदि विद्यालय द्वारा आपको विद्यालय में आने के लिए कहा जाए या आप यहाँ आने की पूर्व अनुमति ले लें तभी आप विद्यालय में आ सकते हैं। कृपया आप अपने साथ अपने बच्चे का वैध अधिकार कार्ड (Valid Authority Card) अवश्य लेकर आएँ।
3. पी0टी0एम0 के अवसर परः-

   क. कृपया आप अपने साथ अपने बच्चे का वैध अधिकार कार्ड (Valid Authority Card) अवश्य लेकर आएँ।

   ख. यदि आप अपने बच्चे को साथ लेकर आते हैं तो कृपया इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वह **स्कूल वर्दी (School Uniform)** में हो और **पूरा समय** आपके साथ ही रहे।
4. क. यदि आपका बच्चा निजी (Private) रिक्शा या ऑटो से आता है तो आप स्वयं उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

   ख. जो विद्यार्थी स्कूल रिक्शा का उपयोग करते हैं, उन्हें विद्यार्थी संग्रह कार्ड दिया जा रहा है।

   ग. यह कार्ड स्कूल की **छुट्टी होने पर ही** विद्यार्थी **सौंपने हेतु** स्कूल रिक्शा चालकों द्वारा ही उपयोग किया जाएगा। रिक्शा बदलने/ बंद करने पर कार्ड वापिस लेना आपकी जिम्मेवारी रहेगी।
5. कृपया आप घर पर अपने बच्चे का **स्कूल बैग** नियमित रूप से देखें कि कहीं वह कोई नुकीली वस्तुएँ/ लोहे का स्केल/ चाबियाँ या फिर कोई ऐसी वस्तुएँ, जिनसे कोई चोट पहुँच सकती है; अपने साथ विद्यालय तो लेकर नहीं जा रहा है।
6. आपके बच्चे को विद्यालय में **गर्मियों में प्रातः** 8:30 तथा **सर्दियों में प्रातः** 9:30 से पहले अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

R. Jaria

प्रधानाचार्या

---------------- माता जी के हस्ताक्षर तिथिः........................

--------------- पिता जी के हस्ताक्षर तिथिः........................